आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.01.2025/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज अपने सरकारी आवास ओकओवर में हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शुरू की जा रही हिम ईरा ई–कार्मस प्लेटफार्म और हिम ईरा फूड वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस प्लेटफार्म से लगभग साढ़े तीन लाख महिलाएं अपने उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन बेच सकेंगीं। ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्व सिंह भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

बैठक

वार्षिक बजट 2025–26 में विधायकों की प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में दो दिवसीय बैठकों का आयोजन 3 और 4 फरवरी को प्रदेश सचिवालय शिमला में किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार इन बैठकों में वार्षिक बजट की विधायक प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए विचार–विमर्श किया जाएगा। बैठकों में विधायकों से मित्तव्ययता उपायों, वित्तीय संसाधन जुटाने व बेहतर प्रशासन के संदर्भ में प्राप्त सुझावों पर भी चर्चा होगी।

भूंडा महायज्ञ

शिमला जिला में रोहड़ उपमंडल के दलगांव में देव आगमन के साथ ही भुंडा महायज्ञ शुरू हो गया है। लगभग 39 वर्षों बाद आयोजित किए जा रहे इस महायज्ञ के दूसरे दिन आज शिखा पूजन व फेर रस्म होगी। महायज्ञ की मुख्य रस्म बेड़ा कल निभाई जाएगी। इस रस्म में एक विशेष व्यक्ति घास की करीब 100 मीटर लंबी रस्सी पर लकड़ी की काठी पर फिसलकर एक छोर से दूसरे छोर पर पहुंचेगा। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी आज भुंडा महायज्ञ में शामिल होंगे।

विंटर कार्निवाल

राजधानी शिमला में विंटर कार्निवाल फिर से शुरू हो गया है। सात दिन के राष्ट्रीय शोक के चलते कार्निवाल को स्थगित किया गया था। आठ जनवरी तक आयोजित किए जा रहे इस कार्निवाल में प्रदेश सहित बालीबुड व पंजाबी कलाकार लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं।

डिस्पैच–

एतिहासिक रिज मैदान पर फिर से शुरू हुए कार्निवाल की सांस्कृतिक संध्या में पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों में खासा जोश नजर आया। खचाखच भरे रिज मैदान पर पंजाबी गायक सतिंद्र सरताज के गानों पर लोग खूब झूमे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि क्रिसमस व नव वर्ष का जश्न मनाने के लिए भारी तादाद में पर्यटक शिमला पहुंचते हैं। पर्यटकों का मनोरंजन व हिमाचली

संस्कृति से उन्हें रूबरू करवाने के लिए हर वर्ष विंटर कार्निवाल आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हैं। प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों सहित निचले मैदानी इलाकों में लोगों को सुबह शाम भीषण ठंड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 4 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात और अन्य भागों में वर्षा की सम्भावना है।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–हिमाचल में बनेंगे 828 मेगावाट के 22 बिजली प्रोजेक्ट। दैनिक जागरण के शब्द हैं–22 नई जल विद्युत परियोजनाएं आवंटित करेगी प्रदेश सरकार। हिमाचल दस्तक लिखता है–शराब के बॉटलिंग प्लांट पर नया सेस लगाने की तैयारी में प्रदेश सरकार।

अमर उजाला ने खबर दी है–मुलाजिमों ने कंपनी बनाकर खुद ही ले लिया आउटसोर्स भर्ती का ठेका–तीन कर्मचारी बर्खास्त।

देवताओं के मिलन के साथ रोहड़ू में शुरू हुआ भुंडा महायज्ञ, हजारो लोगों के साथ पहुंचे मेहमान देवता शीर्षक से खबर को पंजाब केसरी ने सचित्र प्रकाशित किया है।